पंडरपुर में जाने वाले एक संदेशा मेरा लेता जा लिरिक्स

पंडरपुर में जाने वाले,
एक संदेशा मेरा लेता जा,
इक नामा तेरी याद मे रोये,
उसको दर्शन दे देना।bd।

तर्ज – क्या मिलिए ऐसे लोगो से।

तुने कौन सा काम किया जो,
तुझको वहाँ बुलाया है,
मैने कौनसा पाप किया है,
जो तूने मुझको भुलाया है,
मुझको भी पंडरपुर बुलाले,
इतनी कृपा तुम कर देना,
इक नामा तेरी याद मे रोये,
उसको दर्शन दे देना।bd।

कैसा लगता है मेरा विठ्ठल,
मुझको जरा बताओ ना,
क्या क्या लीला करता विठ्ठल,
मुझको जरा सुनाओ ना,
जितनी परीक्षा नामदेव की,
उतनी किसी की मत लेना,
इक छीपा तेरी याद मे रोये,
उसको दर्शन दे देना।bd।

विठ्ठल भगवन जिसे बुलाए,
किस्मत वाले होते है,
जो पंडरपुर धाम ना जाए,
छुप छुप आँसु बहाता है,
नारायण छीपा की दुहाई,
मेरी तरफ से कह देना,
इक नामा तेरी याद मे रोये,
उसको दर्शन दे देना।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com
पंडरपुर में जाने वाले

एक संदेशा मेरा लेता जा,
इक नामा तेरी याद मे रोये,
उसको दर्शन दे देना।bd।

प्रेषक – धरम चन्द नामा।
सागानेर(नामा म्युजिक)
9887223297

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com